**Marking Scheme Hindi Medium**
**Strictly Confidential**
**(For Internal and Restricted use only)**
**Senior School Certificate Examination (Supplementary), July 2025**

**ECONOMICS (SUBJECT CODE – 030)**

**(PAPER CODE – 58/S/3)**

**General Instructions: -**

| | |
|---|---|
| 1 | You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully. |
| 2 | **"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."** |
| 3 | Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class XII, while evaluating competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.** |
| 4 | The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly. |
| 5 | The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators. |
| 6 | Evaluators will mark( √ ) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓) while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.** |
| 7 | If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly. |

| | |
|---|---|
| **8** | If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly. |
| **9** | If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**. |
| **10** | No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once. |
| **11** | A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it. |
| **12** | Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper. |
| **13** | Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:-<br>● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book.<br>● Giving more marks for an answer than assigned to it.<br>● Wrong totaling of marks awarded on an answer.<br>● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page.<br>● Wrong question wise totaling on the title page.<br>● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page.<br>● Wrong grand total.<br>● Marks in words and figures not tallying/not same.<br>● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list.<br>● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.)<br>● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded. |
| **14** | While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks. |
| **15** | Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously. |
| **16** | The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation. |
| **17** | Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words. |
| **18** | The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme. |

**अंकन योजना हिन्दी माध्यम**
**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (पूरक), जुलाई 2025**
**अर्थशास्त्र ( विषय कोड –030)**
**[प्रश्न-पत्र कोड : 58/S/3]**

**अधिकतम अंक : 80**

| प्र.सं | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क**<br>**(समष्टि अर्थशास्त्र)** | |
| **1.** | भारत सरकार द्वारा 8-लेन के दिल्ली-मुम्बई तीव्रगामी पथ (एक्सप्रेसवे) के निर्माण पर किए गए व्यय को, सरकार के ______ व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, क्योंकि इससे परिसंपत्तियों के मूल्य में ______ हो सकती है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) राजस्व, वृद्धि (B) राजस्व, कमी<br>(C) पूँजीगत, वृद्धि (D) पूँजीगत, कमी<br>**उत्तर. (C) पूँजीगत, वृद्धि** | 1 |
| **2.** | कीन्स के आर्थिक विश्लेषण में, अल्पकाल में संतुलन आय के निर्धारण को सामान्यतः ______ के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(i) प्रत्याशित (पूर्व-नियोजित) समग्र माँग = प्रत्याशित (पूर्व-नियोजित) समग्र आपूर्ति<br>(ii) उपभोग (C) + निवेश (I) = बचत<br>(iii) उपभोग (C) + निवेश (I) = राष्ट्रीय आय<br>(iv) प्रत्याशित (पूर्व-नियोजित) बचत = प्रत्याशित (पूर्व-नियोजित) निवेश<br>विकल्प :<br>(A) (i) और (ii) (B) (i) और (iv)<br>(C) (i), (ii) और (iv) (D) (i), (iii) और (iv)<br>**उत्तर. (D) (i), (iii) और (iv)** | 1 |
| **3.** | मान लीजिए कि एक अर्थव्यवस्था में स्वायत्त निवेश उपस्थित है, जो कि आय के स्तर से स्वतंत्र हैं। रेखांकित रूप में, स्वायत्त निवेश वक्र ______ होगा। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) y-अक्ष के समानान्तर एक सीधी रेखा<br>(B) x-अक्ष के समानान्तर एक सीधी रेखा<br>(C) सकारात्मक चतुर्थांश (quadrant) में, x-अवरोधन से ऊपर की ओर ढालू एक सीधी रेखा<br>(D) y-अवरोधन से नीचे की ओर ढालू एक सीधी रेखा<br>**उत्तर. (B) x-अक्ष के समानान्तर एक सीधी रेखा** | 1 |
| **4.** | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, यदि 20% का नकद आरक्षित अनुपात हो और प्राथमिक जमा ₹ 1,000 हो, तो बैंकों द्वारा बनाए गए कुल व्युत्पन्न जमा ₹ ______ होंगे।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) 5,000 (B) 1,000<br>(C) 4,000 (D) 3,000<br>**उत्तर. (C) 4,000** | 1 |
| **5.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br>कथन 1 : वास्तविक राष्ट्रीय आय सदैव मौद्रिक राष्ट्रीय आय से कम होती है।<br>कथन 2 : वास्तविक राष्ट्रीय आय उन सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है, जिसका उत्पादन एक अर्थव्यवस्था के सामान्य निवासियों द्वारा एक लेखांकन वर्ष में किया गया है तथा जिसका मापन आधार वर्ष मूल्यों पर हुआ हो।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए: | |

| | | |
|---|---|---|
| | (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।** | 1 |
| **6.** | पहचान कीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था के राजस्व घाटे का अनुमान लगाते समय, निम्नलिखित में से किस पर विचार **नहीं** किया जाएगा। (सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) वस्तु एवं सेवा कर (GST) संकलन<br>(B) जुर्माने एवं दंड से आय<br>(C) ब्याज भुगतान<br>(D) भूमि एवं भवनों के अधिग्रहण पर व्यय<br>**उत्तर. (D) भूमि एवं भवनों के अधिग्रहण पर व्यय** | 1 |
| **7.** | निम्नलिखित कथनों में से अल्प-रोज़गार संतुलन के संदर्भ में **असत्य** कथन की पहचान कीजिए। (सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) संसाधनों का पूर्ण एवं कुशलतम उपयोग होना।<br>(B) अर्थव्यवस्था में अति उत्पादन क्षमता का विद्यमान होना।<br>(C) पूर्ण रोज़गार स्तर के नीचे, समग्र आपूर्ति व समग्र माँग का बराबर होना।<br>(D) संसाधनों का पूर्ण व कुशलतम उपयोग न होना।<br>**उत्तर. (A) संसाधनों का पूर्ण एवं कुशलतम उपयोग होना।** | 1 |
| **8.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br>कथन 1: औसत बचत प्रवृत्ति (APS) का मूल्य इकाई से अधिक भी हो सकता है।<br>कथन 2: सम-स्तर बिन्दु वह स्तर है, जिस पर उपभोग का स्तर, आय के बराबर हो जाता है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :<br>(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।** | 1 |
| **9.** | पहचान कीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा आपूर्ति की सही विशेषताएँ हैं। (सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(i) यह एक स्टॉक अवधारणा है।<br>(ii) इसमें बैंकों व सरकार के पास रखी हुई मुद्रा शामिल है।<br>(iii) यह एक प्रवाह अवधारणा है।<br>(iv) इसमें गृहस्थों व फर्मों द्वारा रखी गई मुद्रा शामिल है।<br>विकल्प :<br>(A) (i) और (iv) (B) (ii) और (iii)<br>(C) (iii) और (iv) (D) (i) और (ii)<br>**उत्तर. (A) (i) और (iv)** | 1 |
| **10.** | ऐसा बजट जिसमें सरकार का कुल नियोजित व्यय कुल नियोजित आय के बराबर हो, _____ बजट कहलाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) अधिशेष (B) घाटे का<br>(C) सूक्ष्म (D) संतुलित<br>**उत्तर. (D) संतुलित** | 1 |

**11. (क)** (i) 'कर' की परिभाषा दीजिए।

**उत्तर: कर सरकार द्वारा गृहस्थों या फर्मों पर आरोपित किया गया एक अनिवार्य एकतरफा भुगतान है।** — **1**

(ii) दिए गए चित्र के आधार पर, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर की दो-दो मदों की पहचान व वर्गीकरण कीजिए।




**उत्तर: प्रत्यक्ष कर: निगम कर, व्यक्तिगत आयकर** — **1**

**अप्रत्यक्ष कर: वस्तु और सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क** — **1**

**अथवा** — **3**

**(ख)** "सरकार अपनी बजटीय नीति के माध्यम से अर्थव्यवस्था में माँग को बढ़ाने या कम करने में हस्तक्षेप कर सकती है।"

दिए गए कथन के आलोक में, उन बजटीय उद्देश्यों की संक्षेप में चर्चा कीजिए, जिन्हें सरकार प्राप्त करना चाहती है।

**उत्तर: दिए गए कथन में उल्लेखित बजटीय उद्देश्य 'आर्थिक स्थिरता' है। मुद्रास्फीति/अपस्फीति की स्थिति में, सरकार अर्थव्यवस्था में समग्र माँग को घटाने/बढ़ाने के लिए करों में वृद्धि/कमी और व्यय में कमी/वृद्धि कर सकती है। इस प्रकार, अपनी बजटीय नीति के माध्यम से सरकार अर्थव्यवस्था में कीमतों के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित कर सकती है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** — **3**

**12.** निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए :

| क्र. सं. | मदें | राशि (₹करोड़ में) |
|---|---|---|
| i. | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 2,000 |
| ii. | सकल घरेलू स्थिर पूँजी निर्माण | 1,000 |
| iii. | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 1,500 |
| iv. | स्टॉक में शुद्ध वृद्धि | 300 |
| v. | शुद्ध निर्यात | 200 |
| vi. | स्थिर पूँजी का उपभोग | 100 |
| vii. | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 50 |
| viii. | विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय | 30 |

**उत्तर. राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) = (i) + (iii) + (ii) + (iv) + (v) – (vi) + (viii) – (vii)** — **1 ½**

**= 2,000 + 1,500 + 1,000 + 300 + 200 – 100 + 30 – 50** — **1**

**= ₹ 4,880 करोड़** — **½**

**3**

**13.** दी गई आकृति के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



| | | |
|---|---|---|
| | (क) AB और CD वक्र पहचानिए।<br>**उत्तर: दिए गए चित्र में:**<br>• **AB उपभोग वक्र को दर्शाता है।**<br>• **CD बचत वक्र को दर्शाता है।**<br>(ख) AB वक्र के बिन्दु A (Y-अवरोधन) से आरंभ होने के कारणों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर: उपभोग वक्र (AB) Y-अक्ष पर बिंदु A से प्रारंभ होता है, जो स्वायत्त उपभोग को दर्शाता है। स्वायत्त उपभोग से तात्पर्य गृहस्थों द्वारा अपनी जीवन-यापन आवश्यकताओं के लिए उपभोग का न्यूनतम स्तर है। यह आय के शून्य स्तर पर उपभोग पर व्यय की गई राशि है, अर्थात उपभोग का वह स्तर जो आय से स्वतंत्र होता है।**<br>(ग) आय के OY स्तर की महत्त्वता का उल्लेख कीजिए।<br>**उत्तर: आय के OY स्तर पर, बचत शून्य होती है क्योंकि उपभोग व्यय, आय के बिल्कुल बराबर होता है। यह आय के सम विच्छेद स्तर (सम स्तर) को दर्शाता है।** | ½<br>½<br>2<br>1 |
| | | **4** |
| **14. (क)** | मार्जिन आवश्यकताओं (margin requirements) में परिवर्तन किस प्रकार गृहस्थों और फर्मों के लिए ऋण प्राप्त करने की सुविधा को प्रभावित करता है ?<br>**उत्तर: मार्जिन आवश्यकता, ऋण की राशि और ऋणी द्वारा ऋण के बदले दी गई प्रतिभूति के मूल्य के बीच के अंतर को दर्शाती है।**<br>**मार्जिन आवश्यकता में वृद्धि का अर्थ है कि दी गई प्रतिभूति के बदले, गृहस्थों और फर्मों को उपलब्ध ऋण की राशि में कमी। जबकि, मार्जिन आवश्यकता में कमी का अर्थ है कि दी गई प्रतिभूति के बदले, गृहस्थों और फर्मों को उपलब्ध ऋण की राशि में वृद्धि।**<br>**इस प्रकार, मार्जिन आवश्यकताओं में परिवर्तन, गृहस्थों और फर्मों को उपलब्ध ऋण की मात्रा को परिवर्तित कर सकता है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>**अथवा** | 4 |
| **(ख)** | मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, सरकार ₹ 1,000 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करती है तथा अतिरिक्त आय का 80 प्रतिशत उपभोग पर व्यय किया जाता है।<br>निम्नलिखित के मूल्यों का अनुमान लगाइए :<br>(i) निवेश गुणक (K)<br>(ii) आय में परिवर्तन (ΔY)<br>**उत्तर: दिया गया है, निवेश में परिवर्तन (ΔI) = ₹ 1,000 करोड़**<br>**सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 80% = 0.8**<br>**(i) निवेश गुणक (K)** $= \frac{1}{1-MPC}$<br>$= \frac{1}{1-0.8}$<br>$= 5$<br>**(ii) आय में परिवर्तन** $(\Delta Y) = K \times \Delta I$<br>$= 5 \times 1{,}000$<br>**= ₹ 5,000 करोड़** | 1<br>½<br>½<br>1<br>½<br>½ |
| | | **4** |
| **15.** | मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, आरक्षित अनुपात 10% से 20% में परिवर्तित हो जाता है तथा प्राथमिक जमा का मूल्य ₹2,000 करोड़ है।<br>आरक्षित अनुपात 10% से 20% परिवर्तित होने पर साख (मुद्रा) निर्माण की राशि में आए परिवर्तन की गणना कीजिए।<br>**उत्तर: दिया गया है कि प्राथमिक जमा का मूल्य ₹ 2,000 करोड़ है तथा आरक्षित अनुपात 10% से 20% तक परिवर्तित हो गया है। तो मुद्रा निर्माण की मात्रा में परिवर्तन इस प्रकार दर्शाया जा सकता है:** | |

| स्थिति | प्राथमिक जमा (₹ करोड़ में) | आरक्षित अनुपात (RR) | मुद्रा गुणक ($\frac{1}{RR}$) | मुद्रा निर्माण की राशि (प्राथमिक जमा × मुद्रा गुणक) | |
|---|---|---|---|---|---|
| **I** | **2,000** | **0.1** | $\frac{1}{0.1}$ **= 10** | **2,000 x 10 = ₹ 20,000** | 2 |
| **II** | **2,000** | **0.2** | $\frac{1}{0.2}$ **= 5** | **2,000 x 5 = ₹ 10,000** | 2 |

**तालिका में दर्शाई गई दोनों स्थितियों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ₹ 2,000 करोड़ के प्राथमिक जमा के साथ, आरक्षित अनुपात में 10% से 20% की वृद्धि होने पर मुद्रा निर्माण की राशि ₹ 20,000 करोड़ से घटकर ₹ 10,000 करोड़ हो जाती है।**

4

**16.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अवस्फीतिक, मुद्रास्फीति का एक प्रमुख संकेतक है। यह किसी विशिष्ट वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य की वर्तमान कीमतों और निर्दिष्ट आधार वर्ष के दौरान प्रभावी कीमतों के अनुपात का प्रतिनिधित्व करता है।

यह अनुपात GDP की वृद्धि के उस अनुपात को परिलक्षित करता है जो उत्पादन स्तर में वास्तविक वृद्धि के बजाय वृद्धिमान कीमतों के परिणामस्वरूप होता है।

GDP मूल्य अवस्फीतिक मौद्रिक GDP और वास्तविक GDP के बीच अंतर को दर्शाता है। वास्तविक GDP, मौद्रिक GDP से भिन्न है, क्योंकि वास्तविक GDP में मुद्रास्फीति शामिल नहीं होती है, जबकि मौद्रिक GDP में होती है।

GDP अवस्फीतिक उपभोग की आदतों में बदलाव और नए उत्पादों और सेवाओं की शुरुआत के लिए स्वचालित रूप से समायोजित हो जाता है। यह सुविधा इसे निवेश और उपभोग रुझानों में बदलाव को प्रतिबिंबित करने में सक्षम बनाती है।

GDP अवस्फीतिक के लिए, प्रत्येक वर्ष के लिए 'बास्केट' में सभी घरेलू उत्पादित वस्तुएँ शामिल होती हैं, जिन्हें प्रत्येक मद के लिए कुल उपभोग के बाज़ार मूल्य के अनुसार भारित किया जाता है।

दिए गए गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अवस्फीतिक का अर्थ और इसका महत्त्व बताइए।

**उत्तर: सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अपस्फीतिक, मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अनुपात है।** 1

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अपस्फीतिक एक उपकरण है, जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था में मूल्यों के परिवर्तन के प्रभाव को समाप्त करने तथा चालू वर्ष के भौतिक उत्पादन में वास्तविक परिवर्तन का निर्धारण करने के लिए किया जाता है। GDP अपस्फीतिक अर्थव्यवस्था की विकास दर की तुलना करने में सहायक होता है।** 2

(ख) विस्तार से व्याख्या कीजिए कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद, मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद से कैसे भिन्न है।

**उत्तर: वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी अर्थव्यवस्था की घरेलू सीमा में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का वह बाजार मूल्य है, जिसे आधार वर्ष की कीमतों पर मापा जाता है।** 1 ½

**जबकि;**

**मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी अर्थव्यवस्था के घरेलू क्षेत्र में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य है, जिसे चालू वर्ष के मूल्यों पर मापा जाता है।** 1 ½

6

**17. (क)** (i) घरेलू मुद्रा की मूल्यवृद्धि के किसी राष्ट्र के आयात पर पड़ने वाले प्रभाव को समझाइए। अपने स्पष्टीकरण का समर्थन देने के लिए एक उदाहरण प्रदान कीजिए।

**उत्तर: घरेलू मुद्रा की मूल्यवृद्धि, विदेशी मुद्रा के संदर्भ में घरेलू मुद्रा के मूल्य में बढ़ोत्तरी को दर्शाता है।** 1

**उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि प्रारंभिक विनिमय दर \$1 = ₹90 है और नई विनिमय दर घटकर \$1 = ₹80 हो जाती है। इसका अर्थ है कि अमेरिकी डॉलर (\$) के मुकाबले रुपये की मूल्यवृद्धि हुई है।** 2

| | | |
|---|---|---|
| | **परिणामस्वरूप, अमेरिकी डॉलर ($) की एक इकाई खरीदने के लिए भारतीय रुपए (₹) की कम इकाइयों की आवश्यकता होती है, जिससे भारतीय खरीदारों के लिए विदेशी वस्तुएँ अपेक्षाकृत सस्ती हो जाती हैं। इस प्रकार, इससे आयात में वृद्धि हो सकती है।**<br><br>(ii) भुगतान संतुलन के अंतर्गत चालू खाते के किन्हीं दो अवयवों की व्याख्या कीजिए।<br>**उत्तर. भुगतान संतुलन के अंतर्गत चालू खाते के दो घटक हैं:**<br>• **वस्तुओं में व्यापार: इसमें वस्तुओं का निर्यात और आयात शामिल होता है। वस्तुओं के निर्यात से प्राप्तियां चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में अभिलिखित की जाती हैं, जबकि वस्तुओं के आयात के लिए किए गए भुगतान डेबिट पक्ष में अभिलिखित किए जाते हैं।**<br>• **सेवाओं में व्यापार: इसमें कारक आय और गैर-कारक आय, जैसे शिपिंग, बैंकिंग और पर्यटन आदि के आधार पर लेनदेन शामिल हैं। सेवाओं के निर्यात से प्राप्तियाँ चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में अभिलिखित की जाती हैं, जबकि सेवाओं के आयात के लिए किए गए भुगतान डेबिट पक्ष में अभिलिखित किए जाते हैं।** | 1 ½<br><br>1 ½ |
| | **अथवा** | **6** |
| **(ख)** | (i) "अन्य कारक समान रहने पर, विदेशी मुद्रा की कीमत में वृद्धि से विदेशी मुद्रा की माँग में गिरावट (कमी) आती है।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर का वैध कारणों सहित समर्थन कीजिए।<br>**उत्तर: हां। अन्य कारक स्थिर रहने पर, विदेशी मुद्रा का मूल्य व विदेशी मुद्रा की माँग के मध्य एक व्युत्क्रम संबंध होता है।**<br>**विदेशी मुद्रा की कीमत में किसी निश्चित वृद्धि से विदेशी वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की लागत (रुपये के रूप में) बढ़ जाएगी। इससे आयात कम हो जाते है और परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा की माँग में कमी हो जाती है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>(ii) 10 अगस्त 2023 को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर द्वारा दिए गए कथनानुसार :<br>"अप्रैल जून 2023 के दौरान शुद्ध वाणिज्यिक ऋण का अन्तर्वाह US $ 6.0 बिलियन रहा है।"<br>पहचान कीजिए कि, उपर्युक्त लेनदेन को भुगतान संतुलन के किस उप-खाते तथा किस पक्ष में अभिलिखित किया जाएगा। अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण बताइए।<br>**उत्तर: विदेशों से प्राप्त शुद्ध वाणिज्यिक ऋण भुगतान संतुलन के पूंजी खाते में अभिलिखित किए जाएँगे, क्योंकि इससे देयता में वृद्धि होती है।**<br>**विदेशों से उधार लेने के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा का अंतर्वाह होता है इसलिए ऐसे लेनदेन पूंजी खाते के क्रेडिट पक्ष में अभिलिखित किए जाते हैं।** | 3<br><br>1 ½<br><br>1 ½ |
| | | **6** |
| | **खण्ड ख**<br>**(भारतीय आर्थिक विकास)** | |
| **18.** | भौगोलिक क्षेत्र जहाँ विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट कानून लागू किए जाते हैं, उन्हें __________ कहा जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) यूरोपियन संघ (B) G-7<br>(C) G-20 (D) विशेष आर्थिक क्षेत्र<br>**उत्तर. (D) विशेष आर्थिक क्षेत्र** | 1 |
| **19.** | 2018 में, पाकिस्तान ने अपनी __________ पंचवर्षीय विकास योजना कार्यान्वित की थी।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) 10वीं (B) 11वीं<br>(C) 12वीं (D) 13वीं<br>**उत्तर. (C) 12वीं** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **20.** | ___________ का तात्पर्य सरकारी उद्यम द्वारा स्वामित्व अथवा प्रबन्धन का परित्याग करने से है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) उदारीकरण (B) निजीकरण<br>(C) वैश्वीकरण (D) राष्ट्रीयकरण<br>**उत्तर. (B) निजीकरण** | 1 |
| **21.** | निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :<br>अभिकथन (A): भारत व पाकिस्तान ने अपने आर्थिक विकास पथ में कई समान रणनीतियों को अपनाया।<br>कारण (R) : 1970 के अंत में, भारत व पाकिस्तान पूँजीगत वस्तुओं के उद्योगों के विराष्ट्रीयकरण की नीति लेकर आए।<br>विकल्प :<br>(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या **नहीं** है।<br>(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।<br>**उत्तर. (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।** | 1 |
| **22.** | 'स्वास्थ्य पर व्यय' मानव पूँजी निर्माण का एक ऐसा स्रोत है, जहाँ ___________ सबसे उपयुक्त उपचारात्मक उपायों में से एक है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) टीकाकरण<br>(B) रुग्णता में चिकित्सीय हस्तक्षेप<br>(C) स्वास्थ्य जागरूकता का प्रसार<br>(D) पीने योग्य स्वच्छ पानी की उपलब्धता<br>**उत्तर. (B) रुग्णता में चिकित्सीय हस्तक्षेप** | 1 |
| **23.** | निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br><br><br>पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा कारक हरित क्रांति के क्रियान्वयन के लिए मुख्यतः आवश्यक हो सकता है। (सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) रासायनिक उर्वरकों का नियमित प्रयोग<br>(B) प्राकृतिक खादों का प्रयोग<br>(C) अल्प सिंचाई सुविधाओं की आवश्यकता<br>(D) परंपरागत बीज<br>**उत्तर. (A) रासायनिक उर्वरकों का नियमित प्रयोग** | 1 |
| **24.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br>कथन 1: भारत विकासशील विश्व के हितों की पैरवी करने में अग्रणी रहा है।<br>कथन 2: अपनी प्रतिबद्धता का पालन करते हुए, भारत ने परिमाणात्मक प्रतिबंधों को हटाया नहीं है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :<br>(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।** | 1 |
| **25.** | वर्तमान में, ग्रामीण बैंकों का संस्थागत ढाँचा __________ के अतिरिक्त बहु-एजेंसी संस्थाओं के एक समूह से बना है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) वाणिज्यिक बैंकों<br>(B) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs)<br>(C) भूमि विकास बैंकों (LDBs)<br>(D) निजी साहूकारों<br>**उत्तर. (D) निजी साहूकारों** | 1 |
| **26.** | पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा भूमि-अपक्षय के लिए उत्तरदायी कारक **नहीं** है। (सही विकल्प की पहचान कीजिए)<br>(A) वनोन्मूलन<br>(B) अत्यधिक चराई<br>(C) औद्योगिक गतिविधियाँ<br>(D) उचित फसल चक्र<br>**उत्तर. (D) उचित फसल चक्र** | 1 |
| **27.** | न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कानून के शासन की संवैधानिक संरक्षण की सीमा __________ संकेतक का एक उदाहरण है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)<br>(A) आर्थिक विकास (B) स्वतंत्रता<br>(C) मानवीय विनाश (D) मानवीय मूल्य<br>**उत्तर. (B) स्वतंत्रता** | 1 |
| **28.** | निम्नलिखित चित्रों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br><br>रोज़गार के इंगित क्षेत्रों के प्रकारों की पहचान कीजिए और संक्षेप में चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर: उपरोक्त में दर्शाए गए रोजगार क्षेत्रों के प्रकार हैं:**<br>• **अनौपचारिक क्षेत्र: इसके अंतर्गत निजी क्षेत्र के वे प्रतिष्ठान सम्मिलित होते हैं जिनमें 10 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को प्रायः नौकरी की सुरक्षा और नियमित आय का अभाव होता है और उन्हें बिना किसी क्षतिपूर्ति के काम से निकाला जा सकता है।**<br>• **औपचारिक क्षेत्र: इसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र व निजी क्षेत्र के वे प्रतिष्ठान सम्मिलित होते हैं जिनमें 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। औपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को नियमित आय प्राप्त होती है तथा वे भविष्य निधि, पेंशन आदि जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों के हकदार होते हैं।** | ½ + 1<br><br>½ + 1<br><br>3 |
| **29. (क)** | ऐसी किन्हीं दो जनांकिकीय संकेतकों की व्याख्या कीजिए जो ब्रिटिश शासन में खराब स्थिति में थे।<br>**उत्तर: ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के जनसांख्यिकीय संकेतक खराब स्थिति में थे, जैसे कि:** | |

| | | |
|---|---|---|
| | • **कुल साक्षरता स्तर 16% से भी कम था। इसमें से महिला साक्षरता दर तो बहुत कम लगभग 7% थी।**<br>• **सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ या तो उपलब्ध नहीं थीं या जो उपलब्ध थीं, तो अत्यधिक अपर्याप्त थीं। परिणामस्वरूप, जल और वायु जनित बीमारियाँ व्यापक थीं और जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती थीं, जिससे समग्र मृत्यु दर बहुत अधिक थी।**<br>**(अन्य कोई प्रासंगिक संकेतक के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** | 1 ½<br>1 ½ |
| | **अथवा** | 3 |
| (ख) | ऐसी किन्हीं दो आधारिक संरचनाओं का वर्णन कीजिए जिनके विकास ने केवल ब्रिटिश शासन के औपनिवेशिक हितों को ही आगे बढ़ाया, भारतीय अर्थव्यवस्था को उनसे लाभ नहीं हुआ।<br>**उत्तर: अंग्रेजों द्वारा अपने औपनिवेशिक हितों की पूर्ति के लिए किए गए दो आधारिक संरचनाओं के विकास कार्य थे:**<br>• **सड़कों का विकास: सड़कों का निर्माण मुख्यतः भारत में सेना की आवाजाही को सुगम बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों से कच्चे माल को नजदीकी रेलवे स्टेशन या बंदरगाह तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया था।**<br>• **विद्युत टेलीग्राफ की शुरुआत: भारत में विद्युत टेलीग्राफ की शुरुआत कानून और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी।** | ½ + 1<br>½ + 1 |
| | **(अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** | 3 |
| 30. (क) | "कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने सरकारी कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के लिए एक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित किया ताकि भारत विश्व अंतरिक्ष उद्योग में अपनी हिस्सेदारी में वृद्धि कर सके।" दिए गए कथन के आलोक में, व्याख्या कीजिए कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम किस प्रकार मानव पूँजी निर्माण को प्रभावित कर सकते हैं।<br>**उत्तर: कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा कार्यस्थल पर प्रशिक्षण के रूप में क्षमता निर्माण की पहल सरकारी कर्मियों की दक्षता में वृद्धि करती है। वर्तमान समयावधि में ऐसे प्रशिक्षण, कार्य परिवेश का एक अभिन्न अंग बन गए हैं क्योंकि ये कर्मचारियों की उत्पादक क्षमता में वृद्धि करते हैं।**<br>**कंपनियाँ ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करती हैं, क्योंकि इन प्रशिक्षणों के लाभ इनकी लागत से कहीं अधिक होते हैं। ये कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों और नवीन कार्य प्रणालीयों के साथ तालमेल बिठाने में मदद करते हैं।**<br>**अतः यह कहा जा सकता है कि कार्यस्थल पर प्रशिक्षण मानव पूँजी निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>**अथवा** | 4 |
| (ख) | "समय के साथ भौतिक पूँजी व मानवीय पूँजी दोनों का मूल्यह्रास होता है, परन्तु इन दोनों के बीच मूल्यहास की प्रकृति में अंतर होता है।"<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में मान्य कारणों का उल्लेख व चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर: हाँ, सहमत हैं। मानवीय पूँजी और भौतिक पूँजी दोनों में समय के साथ मूल्यह्रास होता हैं, परंतु दोनों के मूल्यह्रास की प्रकृति में अंतर होता है। निरंतर प्रयोग और तकनीक में परिवर्तन के साथ, भौतिक पूँजी का मूल्यह्रास होता है और वह अप्रचलित हो जाती है। जबकि, मानव पूँजी की स्थिति में, मूल्यह्रास आयु में वृद्धि के साथ होता है, परंतु शिक्षा, स्वास्थ्य आदि में निरंतर निवेश के माध्यम से इसे काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह निवेश मानव पूँजी को तकनीकी परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में भी सहायक होता है, जो भौतिक पूँजी के मामले में नहीं होता।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | 4 |
| 31. | यह सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के जीवन की गुणवत्ता भी वैसी हो, जैसी कि वर्तमान पीढ़ी की है, भारत सरकार ने कई रणनीतियाँ अपनाई हैं।<br>दिए गए कथन के आलोक में, किन्हीं दो रणनीतियों की संक्षेप में चर्चा कीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | **उत्तर: भारत सरकार द्वारा भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के जीवन स्तर को वर्तमान पीढ़ी के समान सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई दो रणनीतियाँ इस प्रकार हैं::**<br>• **पवन ऊर्जा का उपयोग: जिन क्षेत्रों में वायु की गति सामान्यतः तेज होती है, वहाँ पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना विद्युत उत्पादन हेतु पवन चक्कियों का उपयोग किया जाता है। यद्यपि पवन ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की प्रारंभिक लागत अधिक होती है, परंतु इससे होने वाले लाभ लागत से कहीं अधिक होते हैं।**<br>• **सौर ऊर्जा का उपयोग: फोटोवोल्टिक सेल/सौर पैनलों की सहायता से, सौर ऊर्जा को विद्युत में परिवर्तित किया जाता है। यह प्रदूषण रहित होती है तथा उन दूरदराज क्षेत्रों के लिए उपयोगी है जहाँ पावर ग्रिड के माध्यम से आपूर्ति या तो संभव नहीं है या बहुत महंगी साबित होती है।** | **2**<br>**2** |
| | | **4** |
| **32.** | "चीन ने जनसंख्या की वृद्धि में एक बड़ी कमी तथा लिंग अनुपात में विषमता की समस्या का अनुभव किया।" नीचे दिए गए आँकड़ों के आधार पर, अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क देते हुए, उपर्युक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>**चुने हुए जनांकिकीय संकेतक 2017 - 18**<br>देश: चीन; जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि: 0.46; लिंग अनुपात: 949<br>**उत्तर: चीन की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर में भारी गिरावट आई है, जो 0.46 के स्तर पर है। विद्वानों का मानना है कि 1970 के दशक के अंत में लागू की गई एक-संतान नीति जनसंख्या वृद्धि में कमी का प्रमुख कारण रही है।**<br>**इसके अतिरिक्त, चीन में लिंग अनुपात भी कम और पक्षपातपूर्ण रहा है। चीन में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या लगभग 949 है। विद्वानों के अनुसार, इस विषम लिंगानुपात का मुख्य कारण पुत्र-प्रधानता थी।** | **2**<br>**2** |
| | | **4** |
| **33. (क)** | (i) "नियोजन काल के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र के विकास के लिए जो मार्ग बनाया गया था उसका लक्ष्य आत्म निर्भर आर्थिक विकास था।"<br>अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क देते हुए, दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए।<br>**उत्तर: दिए गए कथन का समर्थन किया जाता है। नियोजन काल के दौरान, सीमित संसाधनों का उपयोग करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र को अधिक महत्व दिया गया। नीति निर्माताओं द्वारा भारत की विकास रणनीति में आत्मनिर्भरता को एक केंद्रीय योजना उद्देश्य के रूप में निम्नलिखित कारणों से अपनाया गया:**<br>• **विदेशी राष्ट्रों पर निर्भरता को कम करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाने पर जोर दिया गया।**<br>• **यह आशंका थी कि आयातित खाद्य आपूर्ति, विदेशी तकनीक और विदेशी पूंजी पर निर्भरता से घरेलू नीतियों में विदेशी हस्तक्षेप बढ़ सकता है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>(ii) 'वैश्वीकरण' की परिभाषा दीजिए। वैश्वीकरण के किसी एक लाभ का उल्लेख कर विवेचना कीजिए।<br>**उत्तर: वैश्वीकरण को घरेलू अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, अर्थात् एक सीमा-रहित विश्व की रचना।**<br>**वैश्वीकरण का लाभ:**<br>**वैश्विक बाजारों तक पहुँच: वैश्वीकरण विकासशील देशों के उद्योगों को राष्ट्रीय सीमाओं से परे अपनी पहुँच का विस्तार करने में सक्षम बनाता है,जिससे उन्हें विकास करने, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और वैश्विक मंच पर में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने के अवसर मिलते हैं।**<br>**(अन्य कोई प्रासंगिक लाभ के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** | **3**<br>**1**<br>**½+1½** |
| | **अथवा** | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| **(ख)** | (i) "1955 में, कर्वे कमिटी ने ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने में लघु उद्योगों के उपयोग की संभावना पर विचार किया था।"<br>लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के पीछे के आधार की संक्षेप में चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर: कर्वे समिति के अनुसार, लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुख्य आवश्यकताएँ थीं:**<br>• **रोज़गार सृजन: लघु उद्योग (SSI) अधिक श्रम-प्रधान होते हैं। ये रोज़गार के अवसर प्रदान करके अधिशेष श्रम को अवशोषित करते हैं।**<br>• **कम पूँजी आवश्यकता: इन उद्योगों में अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले समाज के एक बड़े वर्ग के लिए लघु उद्योग अधिक सुलभ हो जाते हैं।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br>**(अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**<br><br>(ii) 'भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारण' को परिभाषित कीजिए। ऐसे किन्हीं दो अवरोधों की सूची बनाइए जिनका सामना भू-सुधारों को लागू करने में किया गया।<br>**उत्तर: 'भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारण' का अर्थ है किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाली भूमि का अधिकतम आकार तय करना।**<br>**भूमि सुधारों के कार्यान्वयन में दो मुख्य बाधाएँ थीं:**<br>• **काश्तकारों को बेदखल कर दिया गया और भूस्वामियों ने स्वयं-कृषक होने का दावा किया।**<br>• **बड़े जमींदारों ने कानूनी खामियों का उपयोग करके इसके क्रियान्वयन में देरी की।**<br>**(अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** | **3**<br><br><br>**1**<br><br>**1**<br>**1** |
| | | **6** |
| **34.** | निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :<br>**भारत में पर्यावरण अनुकूल कृषि की आवश्यकता**<br>इस वर्ष के बजट की मुख्य विशेषता एक स्वच्छ व हरित पृथ्वी के लिए हरित विकास प्राप्त करने की ओर अग्रसर होना था । हरित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु PM-PRANAM योजना का आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम की रचना में पृथ्वी का पुनःस्थापन, पोषण व उन्नति निहित है।<br>यह योजना राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों को वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करेगी।<br>इसके अतिरिक्त बजट में यह रूपरेखा भी दी गई है कि केन्द्र सरकार किस प्रकार एक करोड़ किसानों को जैविक कृषि में लाने में मदद कर पर्यावरण अनुकूल कृषि के दीर्घकालीन दृष्टिकोण को बल प्रदान करेगी।<br>प्राकृतिक कृषि की तकनीक पर बल व रसायनों के इष्टतम प्रयोग का हरित क्रांति से मजबूत संबंध है, जिसने भारत में रासायनिक उर्वरकों के व्यापक पैमाने पर प्रयोग को बढ़ावा दिया था।<br>इस समय अवधि के दौरान, यह उर्वरक जल स्रोतों में सम्मिलित हो गए तथा झीलों और नदियों में पोषक तत्त्वों की अधिकता से शैवालों का विकास हो गया तथा ये मृत क्षेत्र बन गए। इस रिसाव ने लम्बे समय अंतराल में भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर दिया।<br>इसने मृदा अपरदन की गति को बढ़ाकर मिट्टी की प्राकृतिक विशेषताओं को समाप्त कर उसका मरुस्थलीकरण कर दिया है।<br>इसलिए सरकार द्वारा सतत व प्राकृतिक कृषि तकनीक लागू करने का कदम उठाने का औचित्य स्पष्ट है। जैविक कृषि संचयी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाएगी क्योंकि भारत में रासायनिक उर्वरक से 77% से भी अधिक कृषि योग्य नाइट्रोजन ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। इसलिए कृषि-वानिकी (agro-forestry) जैसा प्रयास मृदा जैविक कार्बन व उर्वरता को बढ़ावा देगा। वृक्ष भी आवश्यक कार्बन के लिए भंडार घर साबित होंगे।<br>दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से संबंधित किन्हीं दो समस्याओं की व्याख्या कीजिए।<br>**उत्तर: रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से जुड़ी दो समस्याएँ:**<br>• **उर्वरक जल निकायो में बहकर पोषक तत्वों की अधिकता का कारण बनते हैं, जिससे परिणामस्वरूप पोषक तत्वों की अधिकता से झीलों और नदियों में शैवाल की अत्यधिक वृद्धि तथा मृत क्षेत्रों का निर्माण होता है।**<br>• **रासायनिक उर्वरकों का उपयोग मिट्टी के प्राकृतिक गुणों को नष्ट कर भूमि के क्षरण और मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज करता है।**<br><br>(ख) सरकार द्वारा जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने के कदम की पीछे के आर्थिक औचित्य की संक्षेप में विवेचना कीजिए।<br>**उत्तर: जैविक खेती संचयी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में सहायक होगी क्योंकि भारत में रासायनिक उर्वरक कृषि से होने वाले नाइट्रोजन ऑक्साइड उत्सर्जन का 77% से अधिक योगदान करते हैं। इसलिए, कृषि-वानिकी पहलों को बढ़ावा देने से मृदा की जैविक कार्बन और उर्वरता में वृद्धि होती है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**<br><br>(c) हरित विकास का अर्थ बताइए।<br>**उत्तर: हरित विकास उस आर्थिक विकास को संदर्भित करता है जो इस प्रकार प्राप्त किया जाता है कि पर्यावरणीय क्षति न्यूनतम हो।** | 1 ½<br><br>1 ½<br><br>2<br><br>1 |
| | | **6** |

* * *